## एक नजर

### आवारा कुत्तों ने छह को काटा



**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार है। आवारा कुत्तों की लगातार बढ़ती संख्या से क्षेत्र में खौफ का माहौल है। लेकिन अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार है। सोमवार को प्रात: 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक मात्र 6 घंटे में अलग-अलग गांव में आवारा कुत्तों ने एक युवती सहित 6 लोगों को अपना शिकार बनाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढ़ी में सोमवार को कुत्ते के काटे जाने से घायल हरि सिंह (63 वर्ष) पुत्र हन्नु सिंह ग्राम माधोवाला, इसरा (14 माह) पुत्री फैजल खान ग्राम कासमपुर गढ़ी, रजनी (38 वर्ष) पत्नी कुलदीप सिंह, ग्राम जिकरीवाला, अभिलाष (11 वर्ष) पुत्र दीपचंद ग्राम मानियावाला, दीपक कुमार (28 वर्ष) पुत्र कश्मीर चंद ग्राम वीरभानवाला, लव कुश (7 वर्ष) पुत्र राजेश ग्राम राजनगर निवासी गण को चिकित्सक द्वारा कुत्ते के कांटे का रेबीज इंजेक्शन लगाकर उपचार किया गया। पीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार निराला व फार्मासिस्ट सतीश कुमार ने क्षेत्र वासियों का आह्वान किया कि कुत्ता, बिल्ली, बंदर, नेवला व सांप आदि विषैले जीव जंतुओं द्वारा काटे जाने पर तत्काल पीएचसी व सीएचसी में उपचार कराएं। झाड़-फूंक करने वालों के चक्कर में अपने जीवन से खिलवाड़ ना करें। गौरतलब है ब्लॉक अफजलगढ़ क्षेत्र में गुलदार के बाद आवारा कुत्तों का आतंक की सबसे बड़ी समस्या है। खंड विकास अधिकारी अफजलगढ़ मनवीर सिंह ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने वाली एक्सपर्ट टीम से संपर्क साधा जा रहा है। शीघ्र ही कुत्तों को पकड़वाने का अभियान चलाया जाएगा।

### कुत्तों का बंधन्याकरण अभियान शुरू

**धामपुर।** नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में आवारा एवं निराश्रित स्वान वंशीय (कुत्तों) की संख्या नियंत्रित करने के उद्देश्य से बंधन्याकरण एवं टीकाकरण अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के अनुसार यह कार्य जीव दया फाउंडेशन अलीगढ़ के माध्यम से कराया जा रहा है। अभियान के तहत नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों को चिन्हित कर उनका सुरक्षित तरीके से बंध्याकरण किया जाएगा। साथ ही उन्हें आवश्यक टीके भी लगाए जाएंगे, जिससे रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम हो सके। पालिका प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को आवारा कुत्तों से होने वाली परेशानी से राहत दिलाना, कुत्तों की अनियंत्रित बढ़ती संख्या पर रोक लगाना और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बंध्याकरण से जहां कुत्तों की आबादी नियंत्रित होगी, वहीं टीकाकरण से इंसानों और पशुओं दोनों को बीमारियों से सुरक्षा मिलेगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि अभियान के दौरान सहयोग करें और संबंधित टीम को अपना कार्य सुचारु रूप से करने दें।

### जागरूकता रैली एवं गोष्ठी



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा तीसरा दिवस मनाया गया। तीसरा दिवस बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदर्भ में जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने गांव में घर-घर जाकर बेटियों को सुशिक्षित बनाकर उन्हें बेटों की तरह विकास के समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। गोष्ठी की मुख्य अतिथि नसीम परवीन ने मिशन शक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आत्म निर्भर भारत के निर्माण में बेटियों का शिक्षित एवं स्वालंबी होना अनिवार्य है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं, चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो, विज्ञान का क्षेत्र हो या संगीत कला का क्षेत्र हो। आज के समय में बेटियां किसी तरह से बेटों से कम नहीं हैं। अत: समाज के सभी लोगों को बेटियों को शिक्षा एवं विकास के समान अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए समाज के सभी लोगों का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव एवं चंद्रहास सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रेशमा जमाल, सीमा फहीम, रूमा देवी, अपराजिता गुप्ता, कोमल, शुभी, प्रियंका, सुनिधा, पायल, नसीमा, अनीता, जुबेदा, जेबा, लोकेश, पूनम आदि उपस्थित रही।

### गरीब के कागजों से अन्य व्यक्ति ने खरीद ली कार

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम समीपुर निवासी सैलून की छोटी सी दुकान चलाने वाले रईस अहमद ने समाधान दिवस में अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह बहुत गरीब व्यक्ति है। पिछले दिनों उसका राशन कार्ड से नाम कट गया, जब उसने पूर्ति कार्यालय में इसकी जानकारी की तो पता चला कि उसके नाम पर उसके कागजों से किसी ने एक कार खरीद ली है, यह सुनकर वह बहुत परेशान है। उसने अधिकारियों को बताया कि उसने आज तक एक साइकिल नहीं खरीदी, तो कार बहुत दूर की बात है। अधिकारियों ने थाना पुलिस को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया है।

## एसबीडी महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता

**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन क्लब की नोडल अधिकारी अस.प्रो. कु. रितु देवी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मीनू शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में निर्णायक अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. पायल शर्मा एवं श्रीमती मीनू शर्मा रही। कु. रितु देवी ने सर्वप्रथम छात्राओं को सड़क सुरक्षा माह के मुख्य उद्देश्य से 'जीरो फेटैलिटि रेट' से अवगत कराया एवं प्रतियोगिता से सम्बन्धित मुख्य बिन्दु के विषय में चर्चा की। प्रतियोगिता में छात्रा कु. आरूशा, आयशा फाकरा, फायजा, अलीना, मरियम, नेहा चौहान व अनुष्का राजपूत ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश: कु. नेहा चौहान, बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर, कु. अनुष्का राजपूत, बीए प्रथम सेमेस्टर एवं कु. फायजा, बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। श्रीमती मीनू शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सड़क सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध रहने को कहा। प्राचार्या ने छात्राओं को हेलमेट लगाने, तेजगति वाहन न चलाने के बारे में लोगों में जागरूकता लाने को कहा।


**इश्तहार/सार्वजनिक सूचना**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डि.) नगीना, बिजनौर।**
मूल प्रकीर्ण संख्या-01/2026
**नमनदीप बनाम करनदीप सिंह**

नमनदीप पुत्र स्व. ओमकार सिंह निवासी ग्राम जोगीपुरा, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला-बिजनौर। **-वादी**

**बनाम**

करनदीप सिंह पुत्र स्व. ओमकार सिंह निवासी ग्राम जोगीपुरा, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। **-प्रतिवादी**

उक्त नमनदीप ने करनदीप सिंह के विरूद्ध इस न्यायालय में अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का आवेदन किया है। जिसमें सुनवाई हेतु तारीख 30.01.2026 नियत की गई है। इसलिए बजरिये इश्तहार हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र में कोई आपत्ति हो तो उक्त दिनांक को प्रात: 10:30 उपस्थित होकर पेश करें नियत दिनांक के उपरान्त किसी आपत्ति को सुना नहीं जायेगा और प्रार्थना-पत्र की सुनवाई व उसका निपटारा नियमानुसार किया जायेगा।

नियत दिनांक 30.01.2026

**प्रबंधक**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डि.)**
**नगीना, जिला बिजनौर**


# महाराणा प्रताप स्मृति द्वार का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर कस्बे में उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने मुख्य बस स्टैंड पर निर्मित महाराणा प्रताप स्मृति द्वार का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर किसान सहकारी समिति प्रांगण में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और आदर्शों को याद किया गया। सभा की अध्यक्षता पूर्व रवा राजपूत महासभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर सिंह ने की, जबकि संचालन भाजपा नेता जितेंद्र राजपूत द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता ऐश्वर्या चौधरी उर्फ मौसम ने सभा को संबोधित करते हुए महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान और देशभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों से महाराणा के जीवन आदर्शों पर चलने और उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत, सहकारी समिति मंडावर के चेयरमैन राजीव राजपूत, सहकारी समिति जहांगीरपुर के चेयरमैन राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष भाजपा वेदप्रकाश विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, सुभाष राजपूत, कुंवर पाल राजपूत, महेंद्र सिंह, गौरव राजपूत, अभिषेक चौधरी, अरुण राजपूत, भुवन चंद्र विश्वकर्मा, दिनेश राजपूत, वरुण राजपूत, राज नारायण शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, राजपूत समाज के लोग और आमजन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महाराणा प्रताप के प्रति श्रद्धांजलि के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर उनकी स्मृति को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्मृति द्वार का निर्माण कस्बे में महाराणा के गौरवशाली इतिहास को याद दिलाने का प्रतीक बना।

# आदर्श होली हवन समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आदर्श होली हवन समिति की एक बैठक मौहल्ला बाड़वान स्थित चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह के कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में कोषाध्यक्ष अंकित सैनी ने गत वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा रखा।

बैठक में चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने गत वर्ष की कमेटी को फिर से बनाए रखने का प्रस्ताव रखा तो कमेटी पदाधिकारियों ने सहमति जता दी। बैठक में 23 जनवरी को बसंत पंचमी को मौहल्ला गुजरातियान में पूर्व अध्यक्ष विनोद शर्मा आढ़ती के घर के बाहर बसंत रखने तथा उसके बाद नगर में हलवा वितरित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अध्यक्ष देवेन्द्र भटनागर टीटू, महामंत्री संजय शर्मा बिल्लू, कोषाध्यक्ष अंकित सैनी ने सभी का आभार जताया तथा इस वर्ष पूरे जोश के साथ काम करने, सभी को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया।

बैठक में डा.शंकरलाल शर्मा, प्रमोद मिश्रा, सौरभ मालपानी, पवन अग्रवाल एडवोकेट, होशराम सैनी, खुशीराम सैनी, शेखर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल जेके, डा.ईश्वरचन्द्र शर्मा, विभूतिकांत शर्मा, कैलाशचन्द्र मित्तल, संयम जैन, सचिन पंडित, मूला शर्मा आदि प्रमुख रुप से शामिल रहे।

बैठक की अध्यक्षता देवेन्द्र भटनागर ने की तथा संचालन चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने किया। बैठक के अंत में पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा रिंकू तथा पदाधिकारी विकास माहेश्वरी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

## बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को दिए निर्देश



**चांदपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह नें शिक्षकों को डीबीटी से शत प्रतिशत छात्रों को लाभान्वित करवाने हेतु विशेष अभियान चलाकर इसे पूर्ण कराने के निर्देश दिए तथा 27 फरवरी को प्रस्तावित निपुण लक्ष्य मूल्यांकन और आगामी द्वितीय सत्र परीक्षा की भी जानकारी दी। इससे पहले शिक्षक अनुश्रवण संगोष्ठी में बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को विभागीय जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में गणतंत्र दिवस से पूर्व सभी स्कूलों की रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही अटल आवासीय स्कूल में कक्षा-6 और 9 में प्रवेश को अधिक से अधिक छात्रों से आवेदन कराने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि जिस छात्र के माता या पिता का श्रम विभाग में 3 वर्ष पुराना रजिस्ट्रेशन होगा या कोई भी अनाथ बालक भी अटल आवासीय परीक्षा में आवेदन का पात्र होगा। बीईओ गजेन्द्र सिंह नें कहा कि डीबीटी की धनराशि अभिवावकों के खाते में 92% हस्तांतरित हो गई है। ऐसे में अभिवावकों को शीघ्र छात्रों को ड्रेस, जूते-मोजे आदि सामग्री क्रय करने पर बल दिया जाना आवश्यक है। बैठक में सोशल ऑडिट, यूडाइस पोर्टल, मानव सम्पदा पोर्टल आदि पर भी चर्चा की गई। मासिक शिक्षक संगोष्ठी में एआरपी डॉ.मुकेश यादव, सतेंद्र कुमार, शालिनी अग्रवाल, रिजवान अहमद, डॉ. माहेमुनीर, प्रीति, जल सिंह, जावेद खलील, राजेश कुमार, कमलकान्त आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## ब्लॉक कार्यालय के सोशल आडिट की जांच व कार्यालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्थानीय ब्लॉक कार्यालय कासमपुर गढ़ी स्थित डबाकरा हाल में जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने ब्लॉक कार्यालय के सोशल आडिट की जांच कर कार्यालय का निरीक्षण किया।

ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम रोजगार सेवकों को संबोधित करते हुए क्षेत्र में जिन पंचायत में बंद पड़े मनरेगा के कार्यों को पुन: चालू करने एवं मनरेगा कार्य, फैमिली आईडी व फॉर्म रजिस्ट्री, किसान निधि कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत के संबंध में समीक्षा की तथा विकास कार्यों की जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत ललित प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण आशीष कुमार, पंचायत सचिव इरफान अली मंसूरी, राजीव कुमार, नवबहार सिंह, नाजिम हुसैन, आशीष कुमार, कुंती देवी, प्रिंस चौहान, शैलेंद्र सिंह, शरद चौहान, सहदेव सारथी व रोजगार सेवक आदि भी उपस्थित रहे।

# बालाजी की कृपा से गूंजता है मंदिर परिसर

## हर मंगलवार ढाई कुंतल प्रसाद का भोग, छठी पीढ़ी कर रही मंदिर की सेवा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मंदिर में हर मंगलवार 2 से ढाई कुंतल तक प्रसाद भगवान को अर्पित किया जाता है, जिसे लेकर नगर ही नहीं बल्कि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है।

मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरी महाराज एवं महंत आदित्य गिरी जी ने बताया कि यह सिद्ध पीठ उनकी छठी पीढ़ी से निरंतर संचालित हो रही है और यहां विराजमान प्रभु श्री बालाजी की महिमा दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। मंगलवार को बालाजी महाराज के दर्शन मात्र से ही श्रद्धालुओं को विशेष फल की प्राप्ति होती है, इसी कारण इस दिन मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

श्रद्धालु भगवान को बूंदी, लड्डू, बर्फी, पेड़े, इमरती, केले, गुड़-चना तथा दूध से बनी विभिन्न प्रकार की मिठाइयों का भोग अर्पित करते हैं। मंदिर में केवल हनुमान जी ही नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम, भगवान शिव, माता दुर्गा, संतोषी माता, राधा-कृष्ण, भैरव बाबा और प्रेतराज सरकार के भी विधिवत दर्शन और पूजन होते हैं, जिससे यह मंदिर एक पूर्ण धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है।

मंदिर के आसपास स्थित प्रसिद्ध मिठाई दुकानों के संचालकों से मंगलवार को विशेष रूप से 50 किलो तक प्रसाद तैयार किया जाता है। धामपुर नगर सहित आसपास के गांवों और दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु यहां से प्रसाद लेकर मंदिर में अर्पित करते हैं।

श्रद्धालुओं का मानना है कि जो भी भक्त सच्चे मन और पूर्ण श्रद्धा के साथ श्री बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना और प्रसाद अर्पित करता है, उसकी मनोकामना प्रभु श्री बालाजी अवश्य पूर्ण करते हैं। यही कारण है कि मंगलवार के दिन मंदिर परिसर "जय बजरंग बली" के जयकारों से गूंज उठता है और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है।


## कार्यालय नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक 473/न.पं. मण्डावर/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक:- 19 जनवरी, 2026

**-:: ई-टेण्डर सूचना ::-**

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ के पत्र संख्या:-तक. सेल/07/निदे./2019 दिनांक: 28 जून 2019 के क्रम में यू. पी. इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ वेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मण्डावर जनपद बिजनौर में **"सीवरेज एवं जल निकासी योजना व नगरीय झील/ तालाब/ पोखर संरक्षण योजना"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक- 19-01-2026 से दिनांक- 07-02-2026 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 005/E-Tender/2025-26 |
| Publish Date and time for ref. | 19-01-2026 on 12:00 PM |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 07-02-2026 on 01:00 PM |
| Date and time of Opening Tender | 07-02-2026 on 03:00 PM |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Panchayat Mandawar (Bijnor) |
| E-Tender Security | 03% |
| E-Tender document processing | As per tender list |

(रामाश्रय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर

(मौ. आसिफ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर


## एक नजर

### झंडे वाले बाबा के थले पर भंडारा



**अफजलगढ़।** भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर स्थित गांव मौहम्मदपुर राजौरी से करीब आधा किमी दूर जंगल क्षेत्र में झंडे वाले बाबा के थले पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। साथ ही मेले का आयोजन भी किया गया। प्राचीन सिद्ध स्थल पर सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार कराए और माथा टेककर प्रसाद चढ़ाया। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मेला समिति के आयोजकों द्वारा विश्राम, भोजन, पानी आदि की व्यवस्थाएं की। मेले में दूरदराज से आये दुकानदारों ने खिलोनों, चाट-पकोड़ा, मिष्ठान व घरेलू प्रयोग के सामान की दुकाने लगाई तथा बच्चों ने हिंडोले व झूलों पर झूलकर लुत्फ उठाया। महिलाओं ने जरूरतों के सामान खरीदे। मेले आयोजक समिति में विशेष रूप से जयपाल सिंह, हर्शेन्दर चौहान, अमित चौहान, मीनू चौहान, मुकेश शर्मा, सुभाषचन्द्र आदि लोगों का सहयोग रहा।

### सड़क हादसे में युवक घायल



**झालू।** नूरपुर-बिजनौर रोड पर धर्मपुरा वाले रास्ते के सामने एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार से आ रहे मैजिक वाहन और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिससे मार्ग पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में आदेश पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम हसनपुर जाट उर्फ गंगोड़ा जट, थाना हल्दौर, जनपद बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा यातायात को सुचारु कराया गया तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उक्त मार्ग पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**स्योहारा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेन्टर अमरोहा के माध्यम से क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, वार्ड मेम्बरों का डिजीटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर विकास खण्ड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को कम्पयूटर, स्मार्ट फोन के उपयोग एवं दुरूपयोग, वित्तीय धोखाधडी से बचने के तरीकों को सिखाना है। प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक आवश्यक क्षमता बन गई है। तकनीकी प्रगति और शासन के डिजिटल परिवर्तन के दौर में यह अत्यंन्त आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षक अंजार, खुशबू ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि न केवल सूचनाओं को सुलभता से प्राप्त करें, बल्कि योजनाओं एवं सेवाओं के प्रभावी क्रियान्यवन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें।


## खोया पाया सूचना

मैंने हाईस्कूल की परीक्षा सन् 2013 में यू.पी. बोर्ड से पास की है, जिसका रोल नम्बर 3239898 है। मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि दिनांक 18.01.2026 को समय करीब 11 बजे दिन अपने घर से शहर नगीना में तहसील के पास अपनी मार्कशीट की फोटो स्टेट कराने गया था, मेरी मार्कशीट रास्ते में कही गिर गयी है।

**मौ. नाजिम पुत्र खुर्शीद अहमद, निवासी ग्राम-रामपुर लश्करी, तहसील व थाना नगीना, जिला बिजनौर।**

## संबंध विच्छेद सूचना

हम अपने पुत्र सलमान पुत्रवधू फौजिया परवीन व उनके बच्चों को हमारे कहने-सुनने में नहीं होने व गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करते हैं। उनके किसी भी कृत्य के हम जिम्मेदार नहीं होंगे। **-शरीफ अहमद पुत्र मन्जूर अहमद, शमा परवीन पत्नी शरीफ अहमद, निवासीगण मुगलु शाह नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम MUMTAZIR से बदलकर MUMTAJIR S/o MOHAMMAD YUSUF निवासी ग्राम एवं पोस्ट भागुवाला, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, पिन कोड- 246749 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्र शाहनवाज अंसारी ने अपनी मर्जी से पूना में लाईवा शेख से प्रेम विवाह किया था। यह दोनों अलग रहते है। इनके द्वारा मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौच व अभद्र व्यवहार करते हुए जमीन जायदाद बेचने का दबाव मेरे ऊपर डाला जाता है। इनकी हरकतों से मैं तंग हो चुका हूं। मैंने दो जनवरी, 2026 से इन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **मुख्तार अंसारी पुत्र इस्लामुद्दीन, निवासी फुरकानबाग कॉलोनी, सिरधनी रोड, बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर।**

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री महफूज अहमद** द्वारा **संस्था मस्जिद जाहीरा सोसायटी, मौहल्ला तराई, कस्बा शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर का अध्यक्ष** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. महफूज अहमद- सदर, 2. हबीब- नायब सदर, 3. बिलाल अहमद- सैकेट्री 4. अहसान अहमद- नायब सैकेट्री, 5. कसीमुद्दीन- खजांची, 6. फय्याज, 7. सलीम अहमद- सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

# आर-पार की लड़ाई को बाहर धरने पर बैठे किसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किसानों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई सड़क पर आ गई है। भारतीय किसान यूनियन असली) आहवान पर किसान चकबंदी से जुड़ी समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसओसी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और डी डी सी उपसंचलक अधाकारी चकबंदी सम्भल के घेराव का भी ऐलान किय।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (असली) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह बिलारी के आहवान पर किसान धरने पर बैठ गए। किसानों ने कहा कि यह लड़ाई किसानों के हक की है और जब तक समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर प्रदेश प्रवक्ता किसान नेता जयवीर सिंह ने बताया कि चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना बैनामा के भी आदेश पारित किए जा रहे हैं और गलत तरीके से दाखिल-खारिज दूसरे के नाम की जा रही है, जबकि वैध बैनामा दिखाने वाले किसानों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां किसानों की कीमती जमीन और चक स्थित है, वहां पैसे के बल पर प्रभावशाली लोगों को जमीन दे दी जाती है और असली हकदार किसानों को हटाया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया भ्रष्टाचार से ग्रस्त है, जिसके खिलाफ किसान एकजुट होकर संघर्ष कर रहे हैं। किसान नेता ने एक और बड़ी समस्या उठाते हुए बताया कि सम्भल जिले का चकबंदी रिकार्ड अभी तक मुरादाबाद से स्थानांतरित नहीं हुआ है। किसान दिवस में जिलाधिकारी से कई बार यह मांग उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक रिकॉर्ड सम्भल नहीं पहुंच पाया। नतीजतन किसानों को जरूरी कागजात के लिए कभी मुरादाबाद तो कभी सम्भल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसान नेताओं ने साफ कहा कि जब तक चकबंदी से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक यह धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा।

**० चकबंदी अधिकारियों पर लगाए गम्भीर आरोप**



सम्भल- तहसील परिसर स्थित चकबंदी अधिकारियों के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे भाकियू असली कार्यकर्ता।

# जिले को गौरवान्वित करेंगे भीख से सीख वाले बच्चे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीख से सीख देने वाला अभियान सार्थक हो गया है। जिले के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है कि सम्भल 26 बच्चे गणतंत्र दिवस की परेड में प्रतिभाग करेंगे। ये सभी बच्चे उन 650 परिवारों से हैं, जो कभी भीख मांगने को मजबूर थे, लेकिन जिला प्रशासन की पहल से शिक्षा और अनुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया की पहल पर चलाए जा रहे 'भीख से सीख' कार्यक्रम के तहत इन परिवारों की पहचान की गई। डीएम ने बताया कि भिक्षा और भीख में अंतर है भिक्षा समाज में उच्च कार्य करने वाले संत, महात्मा और मुनि मांगते हैं, जबकि भीख पेट भरने के उद्देश्य से मजबूरी में मांगी जाती है। इसी सोच के साथ प्रशासन ने भीख मांगने वाले परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। डीएम

**०गणतंत्र दिवस परेड में लेंगे हिस्सा**

राजेंद्र पेंसिया के अनुसार, 'उम्मीद' संस्था और वीनस शुगर मिल के सहयोग से कुल 650 परिवारों को चिन्हित कर उन्हें पुनर्वासित किया गया। कई परिवारों को कांशीराम आवास में शिफ्ट किया गया है। बच्चों का विद्यालयों में दाखिला कराया गया, जबकि महिलाओं और पुरुषों को कौशल विकास से जुड़े प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी पहल का परिणाम है कि इन परिवारों के 26 बच्चों का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ। पहले उनका प्रशिक्षण स्थानीय स्तर पर कराया गया, वर्तमान में लखनऊ में परेड का विशेष प्रशिक्षण चल रहा है, और इसके बाद ये बच्चे दिल्ली में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में देश के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य को नई दिशा दे रही है, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे रही है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर हालात बदले जा सकते हैं।

# बाल विवाह में सहयोग करने वाले भी आरोपी

**०जिलाधिकारी ने रवाना किया जागरूकता वाहन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल विवाह मुक्त भारत के सौ दिवसीय अभियान का संकल्प साकार करने को जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने रथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत करायेगा और बाल विवाह रोकने का संदेश देगा।

सोमवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने को सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को गति प्रदान करेगा। रथ रथ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था प्रयत्न तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। बाल विवाह मुक्ति रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता, लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराने और इसे पूर्ण रूप से रोकने का संदेश देगा। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कानून अपराध है। अधिनियम के अन्तर्गत बाल विवाह के किसी भी आयोजन में सहयोग देने वाले पंडित, मौलवी, नाई, हलवाई, बैंड पार्टी, टेंट व्यवसायी या कोई भी व्यक्ति जो इसमें शामिल पाया गया, तो उसे 2 वर्ष तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की, कि यदि उन्हें कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत निम्नलिखित नंबरों पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112, 181, जस्ट राइट्स हेल्पलाइन 18001027222 सूचना दे, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।यह अभियान सम्भल जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत संकल्प है, जो न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करेगा बल्कि समाज में लड़कियों के बेहतर भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा भी करेगा। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार आदि ने बाल विवाह न होने सम्बन्धी शपथ पर हस्ताक्षर करते हुये यह संकल्प लिया कि बाल विवाह से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव से आम जनमानस को जागरूक करेंगे।




सम्भल- बाल विवह रोकने को जागरूकता वाहन रवाना करते डीएम-एसपी।

# ऐंसे बहाओगे जल तो क्या होगा कल

**०जल का भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** जल का भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसका कारण जल का अधिक से अधिक दोहन करना है। जल को बचाने के उपाय नाकाफी हैं। कोई भी जल के संरक्षण के बारे में गम्भीर नहीं है। इसके चलते ही जल संरक्षण नहीं हो पा रहा है।

जल संरक्षण के लिए स्पष्ट निर्देश हैं। भवन निर्माण के समय जल संरक्षण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश हैं। जिससे घर व वर्षा का जल संरक्षित हो सके लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। इन निर्देश की अनदेखी की जा रही है। वर्षा के जल को संरक्षित करने के उपाय भी नगण्य हैं। घरों में मोटरों से पानी खींचा जा रहा है। टैंक भरने के बाद भी बंद नहीं किये जाते। जिससे जल अनावश्यक बहता है। समरसेबिल अधिक लग रहे हैं। जो जल का जबरदस्त दोहन कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ऐसा करने वालों को चेतावनी देकर कार्यवाही की हिदायत की जा रही है। पेयजल की बर्बादी को रोकने में सभी को सहयोग करना होगा। तभी जल संरक्षण हो सकेगा। रवि शर्मा ने कहा कि समरसेबिल सड़क पर खुदवाये जा रहे हैं। जिससे टँकी की पाइप लाइन भी टूट रही है।जिससे जल का रिसाव हो रहा है।लोगों को जल का प्रेशर कम मिल पाता है। निहाल ने कहा कि प्रेशर पम्प व मोटर में पाइप लगाकर अपने घरों के आगे पानी का सुबह शाम छिड़काव किया जाता है।लोग पानी की बर्बादी करते हैं।इस पर अंकुश लगना चाहिए। संजीव अग्रवाल ने कहा कि नदियों,कुओं के सूखने और तालाबों में पानी न होने से खेती की सिंचाई भी पम्प सेट व नलकूपों से की जा रही है।जिसमें भूगर्भ जल दोहन अधिक हो रहा है। नदियों को जीवित करने के लिए उपाय किये जायें। जूलियस सीजर शुद्व पेयजल जीवन के लिए जरूरी है। जल कुछ देर रख देने से चिकना दिखने लगता है। इसे ही इस्तेमाल किया जाना मजबूरी है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।






# बच्चे की पैदाईश पर बार बालाओं ने जमकर लगाए ठुमके

**०असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम ओबरी में मना जश्न**
**०थानाध्यक्ष में संज्ञान में ही नहीं होना कहकर झाड़ा पलड़ा**



असमोली-ग्राम ओबरी में बच्चे की पैदाइश पर जश्न में नृत्य करती बार बालायें।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्र के गांव दवोई में एक परिवार में बच्चे की पैदाइश की खुशी में जमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बार बालाओं ने संगीत की धुन पर जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

बताया जा रहा है कि बच्चे के जन्म की खुशी में घर पर आयोजन रखा गया था, जिसमें आसपास के लोग भी शामिल हुए। तेज आवाज में बज रहे गीत-संगीत पर नाच-गाना चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने इसे पारंपरिक खुशी का इजहार बताया, तो वहीं कुछ लोगों ने इस तरह के आयोजन पर सवाल भी उठाए। फिलहाल इस मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। असमोली थाना क्षेत्र में इस तरह के आयोजन और वीडियो वायरल होने की घटना स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बनी हुई है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया की मेरे संज्ञान में नहीं है।

## सुबह-सवेरे निकली धूप ने दिनभर किया आनंदित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सुबह सवेरे निकली चटक धूप ने दिन भर आनंदित किया। जबकि दिन भर मजा देने के साथ सांय को भी गलन भरी सर्दी से मामूली राहत मिली।

कई दिनों से कड़ाके की ठंड और गलन भरी सर्दी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया।जबकि दिन हो या रात गलन अधिक बढ़ने से आम जन जीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो रहा था। सोमवार की सुबह बड़ी राहत लेकर आयी। सुबह की पौं फटने के साथ ही सूरज की किरणों निकलने से मौसम बड़ा खुशगवार रहा।

## एक नज़र इधर भी




बबराला-डोर-टूडोर कचरा संग्रहण की मॉनिटरिंग करते।

## बढ़ाएं हाथ सफाई करें साथ का दिया नारा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड नंबर 05 मास्टर कालोनी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन मॉनिटरिंग की गई। इस दौरान सफाई मित्र पीपीटी यूनिफॉर्म में पाए गए और स्वच्छ बबराला की दिशा में एक सशक्त कदम उठाते दिखे। नगर पंचायत द्वारा नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीले व सूखे कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित किया जा रहा है। आईटीसी के कॉर्डिनेटर करन सिंह ने कहा कि आपका सहयोग ही स्वच्छ और स्वस्थ नगर की कुंजी है। सभी कचरा अलग-अलग रखें और निर्धारित वाहन को ही दें। जिससे बबराला को स्वच्छ रखा जाए।नगर सभी स्थानों पर स्वच्छता का संदेश दे।इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।



सम्भल। हादसे से बचाव को रिफ्लैक्टर लगाते परिवहन विभाग के अधिकारी।

## हादसों से बचाव को एआरटरओ ने लगवाए रिफ्लैक्टर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मुख्यमंत्री के निर्देश और जिलाधिकारी द्वारा कोहरे से बचाव के लिए रिफलेक्टर लगवाने के तहत एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में आने और जाने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य वाहन में रिफलेक्टर लगवाए गए साथ मौजूद किसानों को सुरक्षा नियमों और आते जाते किन बातों का ध्यान रखने पर ज़ोर दिया। इसी के साथ किसानों को विस्तार से समझाया, यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने किसानों से अपील की कि जितना आवश्यक आपका गन्ना है उससे ज्यादा आवश्यक है आपका सुरक्षित रहना क्योंकि जब आप सुरक्षित रहोगे तभी मिल सुरक्षित रहेगी और मिल आपके साथ है। इसलिए अपने वाहन पर मिल में निशुल्क पेंट और रिफलेक्टर है। वाहन पर रिफलेक्टर लगवाए और आते जाते समय लाइट की पूरी व्यवस्था रखे और नशे में वाहन नहीं चलाए, इस मौके पर गन्ना समिति के चेयरमैन भू शंकर गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक केन इकबाल सिंह भी उपलब्ध थे।

# आरटीई वेबसाइट बंद रहने से सैकड़ों बच्चे शिक्षा का सपना साकार करने से वंचित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शिक्षा का अधिकार के तहत राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत नि:शुल्क शिक्षा को प्रवेश के लिए मिलने वाली सुविधा से अनेको बच्चे लाभ लेने से वंचित हैं,क्योंकि वेबसाइट बंद होने से सैकड़ों बच्चे और उनके अभिभावक परेशान हैं। साइबर कैफे पर रोज़ाना पहुंच रहे गरीब बच्चों के अभिभावक साइड बंद होने की जानकारी मिलते ही अपना सा मुँह लेकर लौट रहे हैं।

हर साल दिसंबर माह में राइट टू एजुकेशन (आरटीई)के तहत प्रवेश वेबसाइट खुल जाती है। जिससे सैकड़ों गरीब व आर्थिक कमज़ोर परिवारों के बच्चे शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश लेकर शिक्षा हासिल करते हैं। जबकि अभिभावक परेशान हैं। हर साल दिसंबर महीने में खुलने वाली आरटीई की आधिकारिक वेबसाइट इस बार अब तक नहीं खुल पाई है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों का स्कूल में प्रवेश अटका हुआ है। दिसंबर माह पूरा बीत गया, इसके बाद कहा गया कि जनवरी में वेबसाइट खुलेगी, लेकिन जनवरी के भी पंद्रह दिन गुजर जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। वेबसाइट बंद रहने से सबसे ज्यादा असर उन बच्चों पर पड़ रहा है, जो बेहतर शिक्षा के जरिए अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं।

**०दिसम्बर माह बीतने के जनवरी में भी नहीं खुली वेबसाइट**

## श्रीमदभागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गवाँ।** श्रीमदभागवत कथा से पूर्व कलश कल्याण रैली निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। तहसील क्षेत्र के गांव सेमला में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के आयोजन का समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अखिलेश यादव ने पहुंचकर फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रथम दिवस में शास्त्री जी ने आत्मदेव, गोकर्ण एवं धुंधकारी की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। भागवत कथा के साथ-साथ सात दिवसीय हवन-यज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रृद्वालुओं द्वारा आहुतियां दी गई।

## वारंटी मकान से दबौचा

**बबराला।** थाना बबराला क्षेत्र के ग्राम शाहजहांनाबाद निवासी वारंटी रामखिलाड़ी उर्फ बब्लू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# डुप्लीकेट मतदाताओं के मौके पर किए जाए सत्यापन

**०त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को बैठक में दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की तैयारियों की जाने लगी हैं इसी के अन्तर्गत अनन्तिम निर्वाचक नामावली 2025 में समान रूप से प्रदर्शित हो रहे मतदाताओं के नामों का सत्यापन तथा मतदान केंद्र/स्थलों के आवश्यक स्थानांतरण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में डुप्लीकेट मतदाता का मौके पर जाकर चिन्हांकन, सबसे अधिक डुप्लीकेसी विकासखण्ड वार को लेकर चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि ऐंसे बीएलओ की सूची ली गई जो काम नहीं कर रहे हैं तथा जो बीएलओ काम कर रहे हैं उसके बारे में जानकारी ली गयी। डीएम ने सभी खण्ड विकास अधिकारी को डुप्लीकेट मतदाता का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर भी समीक्षा की गयी। जो स्कूल जर्जर घोषित किये गये हैं उनकी सूची को लेकर भी जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीएलओ के एकाउंट नंबर एवं फार्म 6 को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर विकासचन्द, एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने की।



सम्भल- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को बैठक लेते जिलाधिकारी।

# सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता मे मुस्कान रहीं अव्वल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित महाविद्यालय स्तरीय इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

एमजीएम कालेज में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों पर क्विज प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, किरन यादव द्वितीय, सबीका तृतीय स्थान पर रहे तथा भाषण प्रतियोगिता में किरन यादव प्रथम, सबीका द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य प्राफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जन जागरूकता में वृद्धि होती है। सड़क सुरक्षा में युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। शीतकाल में दृश्यता प्रभावित होने से दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं इसलिए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अवश्य लगाना चाहिए। अभियान के प्रभारी डा. फहीम अहमद ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आगामी दिनों में राजकीय महाविद्यालय हयात नगर ,सम्भल में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में डा. मोहम्मद अहमद, डा. निलेश कुमार, डा. नेमपाल सिंह ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया।




सम्भल-सडक सुरक्षा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जागरूक करते छात्र-छात्रायें।

# वॉर्डन व स्वयं सेवियों को एनडीआरएफ विभाग देंगे प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रायोजित वार्डन/स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप जिलाधिकारी गुन्नौर द्वारा फीता काटकर किया। प्रशिक्षण में डिबाई,जिरोली और गुन्नौर के 270 वार्डेन भाग ले रहे हैं। यह क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 जनवरी तक चलेगा।

सोमवार को उप जिलाधिकारी अवधेश वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर फूल माला अर्पित कर फीता काटकर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर योगेंद्र सिंह यादव चीफ वार्डेन नागरिक सुरक्षा कोर नरोरा कहा कि सिविल डिफेंस की आवश्यकता के चलते वार्डेन एवं स्वयं सेवियों को एनडीआरएफ, आपदा प्रबंधन, जिला अस्पताल अग्निशमन विभाग के द्वारा का प्रशिक्षण अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश के 244 नगरों में सिविल डिफेंस संचालित हो रही है। हमारे उत्तर प्रदेश में यह केवल 17 नगरों में थी। लेकिन मई माह में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्व छिड़ा तो नागरिक सुरक्षा का विस्तार किये जाने की आवश्यकता हुई। वहीं थानाध्यक्ष बबराला सौरभ त्यागी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा पुलिस के लिए काफी सहयोग करती है। मुरादाबाद में सिविल डिफेंस का बहुत अच्छा तालमेल पुलिस के साथ रहता था। उन्होने कहा कि अपराध साइबर क्राइम नॉर्मल क्राइम लूट और चोरी डकैती यह अब कम हो गई है लेकिन मोबाइल पर हैकर बैंक खाते को सेंड लगाकर खाली कर रहे हैं। हमें समाज के में होने वाले इन साइबर क्राइम को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश वर्मा ने कहा कि नागरिक सुरक्षा में प्रशिक्षण लेने आए सभी लोग मानव आपदा और प्राकृतिक आपदा यह दो प्रकार की आपदाएं होती हैं तो युद्व वगैरह होता है और वही प्राख्रतिक आपदा में बाढ़ है सूखा है भूकंप है इन सबको लेकर हमें जागरूक रहना होगा। हमको इस प्रशिक्षण के माध्यम से आगामी आने वाले भविष्य के लिए तैयार रहना होगा और हम जब जागरूक होंगे तो समाज को भी और देश को भी सुरक्षित रख सकेंगे सरकार का केंद्र सरकार का अच्छा प्रयास है और इसमें सभी वर्गो को जागरूक होना जरूरी है। प्रशिक्षण दिया जाएगा इसको मां के साथ और परिवार और समाज के देश की साथ इसकी रक्षा में लग रहे सम्मान सबसे अहम है।



सम्भल- रा. कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को प्रोत्साहित करते कस्टम अधिकारी।

## कस्टम अधिकारी ने छात्राओं को किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज हयात नगर में कस्टम अधिकारी अमित कुमार वार्ष्णेय के पहुंचने पर प्रबंधक साहू दिनेश गुप्ता ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अमित कुमार वार्ष्णेय ने विद्यालय की छात्राओं को कम्प्यूटर एवं ए आई आदि की जानकारी देकर जीवन में मेहनत और लगन के साथ अध्यन करने को प्रोत्साहित किया। उन्हो छात्र जीवन से जुड़ी यादों को साझा करते हुए इस दौरान किए गए संघर्षों की भी जानकारी दी। साहू दिनेश गुप्ता ने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति अडिक रहने की सलाह दी।इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

# घर से सामान चोरी कर फरार हुई आया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के दीनदयाल नगर में एक साल की बच्ची को घर में अकेला छोड़कर चोरी करने वाली आया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से चोरी किया गया घरेलू सामान, आभूषण, बर्तन, मेकअप किट, जूते-चप्पल आदि बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा अभियुक्ता के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।जानकारी के अनुसार दीनदयाल नगर निवासी एक दंपत्ति, जो दोनों नौकरी करते हैं,उन्होंने अपनी बच्ची की देखरेख के लिए करीब एक माह पहले कीर्ति नामक महिला को आया के रूप में रखा था। दिनांक 17 जनवरी को दंपत्ति रोज की तरह अपने-अपने काम पर चले गए और बच्ची को घर पर आया के भरोसे छोड़ दिया। इसी दौरान आया कीर्ति ने मौका पाकर घर में रखे बर्तन, चूड़ियों के डिब्बे, मेकअप किट, सोने चांदी के आभूषण, जूते-चप्पल और अन्य सामान चोरी कर लिया और बच्ची को घर में अकेला छोड़कर फरार हो गई।शाम को जब दंपत्ति घर लौटे तो आया गायब मिली और घर का सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़िता द्वारा थाना सिविल लाइंस में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सिविल लाइंस पुलिस ने सोमवार को सोनकपुर पुल के नीचे से आरोपी।महिला कीर्ति को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस ने उसके कब्जे से 1सोने का कंगन, 2 सोने के छल्ले, 1 स्टील की बाल्टी व ढक्कन,1 स्टील का ड्रम, 2 चूड़ियों के डिब्बे, 1 मेकअप किट, 2 जोड़ी जूते व 1 जोड़ी चप्पल बरामद की है। पकड़ी गई आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी अगले माह शादी होनी है, जिसके लिए उसे पैसों और सामान की जरूरत थी। इसी लालच में उसने अकेले ही चोरी की और सामान पुल के नीचे झाड़ियों में छिपा दिया था। आज सामान लेने जाते समय पुलिस ने उसे पकड़ लिया।



# उप्र आशा वर्कर्स यूनियन ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर 15 दिसंबर 2025 से प्रदेशभर में जारी आशा कर्मियों की अनिश्चितकाल. ीन हड़ताल के समर्थन में यूनियन पदाधिकारियों ने सोमवार को धरना-प्रदर्शन कर जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।यूनियन ने आशा एवं आशा संगि. नी कर्मियों की लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आशा कर्मी वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्य कर रही हैं, लेकिन उनकी मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। 23 दिसंबर 2025 को शासन द्वारा वार्ता का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसके उलट आशा कर्मियों को डराने, धमकाने और प्रताड़ित करने की शिकायतें सामने आ रही हैं। कुछ स्थानों पर अधिकारियों द्वारा अमर्यादित व्यवहार किए जाने से आशा कर्मियों में भारी आक्रोश है।यूनियन ने आशा और आशा संगिनी को मानदेय आधारित स्वयंसेवक के बजाय सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन लागू करने, ईपीएफ-ईएसआई, सेवा निवृत्ति पर ग्रेच्युटी, 10 लाख स्वास्थ्य बीमा और 50 लाख जीवन बीमा की मांग की। इसके साथ ही न्यूनतम वेतन लागू होने तक आशा कर्मियों को 21 हजार और आशा संगिनी को 28 हजार रुपये मानदेय देने, बकाया प्रोत्साहन राशि के भुगतान, यात्रा भत्ता या स्कूटी सुविधा, बेहतर मोबाइल व इंटरनेट सुविधा तथा लंबित बीमा और क्षतिपूर्ति भुगतान की भी मांग उठाई गई।यूनियन ने सरकार से मांगों पर तत्काल वार्ता कर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।




## एक नजर

### अवैध ईंट भट्टों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, तीन भट्टों पर छापेमारी



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** आज दिनांक 19 जनवरी 2026 को तहसीलदार बिलारी एवं जिला खनन अधिकारी के साथ प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में संचालित अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस क्रम में मझोली स्थित अल-रहमान ब्रिक भट्टा, गदीपुर स्थित फैज ब्रिक भट्टा तथा फरीदपुर सिंगाड़ा स्थित एम. एच. ब्रिक भट्टा पर छापेमारी कर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित भट्टों के अभिलेखों, अनुमति पत्रों एवं प्रदूषण मानकों की स्थिति की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित ईंट भट्टों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति अथवा पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी कर संचालित किसी भी इकाई को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित अन्य ईंट भट्टा संचालकों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि आगे भी अवैध खनन एवं प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सीएचसी बिलारी में ब्लॉक साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित, टीकाकरण व डाटा गुणवत्ता पर रहा फोकस



**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के सभागार में चिकित्सा अधिकारी डॉ. दुर्गेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, विशेष रूप से टीकाकरण कवरेज बढ़ाने एवं डाटा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान गावी के जिला कोऑर्डिनेटर मोहम्मद जावेद ने टीकाकरण को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जबकि यू-विन (U-WIN) पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे डाटा के मिलान एवं गुणवत्ता में सुधार को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर चंचल सिंह आजाद ने विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर बीपीएम मनीष कुमार, वीसीपीएम एआरओ विकेश कुमार सानू सहित अन्य संबंधित स्वास्थ्य कर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि टीकाकरण एवं पोर्टल डाटा प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और समयबद्ध व सटीक कार्य सुनिश्चित किया जाए।

### बूथ पर जाकर भाजपा नेता ने की मतदाता सूची की समीक्षा

कांठ( शाह टाइम्स )पार्टी के निर्देश पर चल रहे विशेष आयोजित कार्यक्रम अभियान बूथ पर भाजपा नेता अंगद सिंह चौहान ने मतदाता सूची की समीक्षा की। आवीहफीजपुर के बूथ संख्या 150 एवं 151 पर अभियान के तहत भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी नई वोटर लिस्ट बी एल ओ ने पढ़कर सुनायी। वीएलओ नीरा चाहल एवं कपिल देव गुप्ता के सहयोग से फार्म नम्बर 6 भरकर नये मतदाताओं के नाम जोड़ें गये इस के अतिरिक्त फार्म नम्बर 7 एवं 8 भी भरवाए गये जो मतदाता सूची में संशोधन ओर स्थानातरण से संबंधित होते हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता डाख अंगद सिंह चौहान, नीलम देवी, मुकेश कुमार पाल, नन्हें, सलीम, बीएलओ नीरा चाहल, कपिल देव गुप्ता आदि मोजूद रहे।



## न्याय पंचायत मौढ़ी हजरतपुर के संकुल शिक्षक की मासिक बैठक आज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** न्याय पंचायत मौढ़ी हजरतपुर के संकुल शिक्षक की मासिक बेठक प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर माफी में 20 जनवरी को 2:30 बजे से 4:00 बजे तक होगीस बैठक में प्रेरक गतिविधि , हमारे प्रयास (शेयरिंग) , अकादमिक नियोजन , विभागीय प्राथमिकता सत्र , बैगलेस शनिवार अनुभव और सीख , डिजिटल संसाधनों का प्रभावी प्रयोग , संदर्शिका प्रिंटरिच सामग्री, किट्स एवं तालिका आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा में प्रयोग आदि पर चर्चा होगीस समस्त विद्यालयों से प्र.अ./इ.अ. का प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

# लक्ष्मी जी शुगर मिल में वैज्ञानिकों ने दिया गन्ना किस्मों को पहचानने का प्रशिक्षण, शामिल हुए 80 कार्मिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** गन्ना आयुक्त लखनऊ के निर्देश गन्ना किस्मों की पहचान एवं रोग नियंत्रण पर लक्ष्मी जी शुगर मिल में गन्ना विभाग के साथ चीनी मिल बेलवाड़ा और बिलारी के फील्ड स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण में लाइव डेमो द्वारा जानकारी दी गई। को.0238 की बुवाई रोकने और नई किस्मों को अपनाने पर जोर दिया। गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अरविन्द कुमार ने गन्ना प्रजातियों की पहचान के अनेक लक्षण बताए। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 हसन तनवीर ने कहा किसान गन्ने के साथ सह फसली के रूप में आलू और लहसुन की बुवाई करें इससे गन्ना शुद्ध लाभ में बच जाएगा। उन्होंने गन्ने में लगने वाली बीमारियां और उपचार भी बताए। चीनी मिल के महाप्रबन्धक गन्ना गिरीश कुमार ने चीनी मिलों के फील्ड स्टाफ को गन्ने की पत्तियों, मध्य शिरा पोरियों और जूस की गुणवत्ता के आधार पर गन्ना किस्मों की पहचान करना सिखाया। उन्होंने 'लाइव डेमो' के माध्यम से खेत में खड़ी फसल को पहचानने की व्यावहारिक जानकारी एवं स्मार्ट बोर्ड प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। गन्ना विभाग के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजीव कुमार ने गन्ना किस्मों के नामकरण पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने कहा खेत में खड़े गन्ने की प्रजाति कौन सी है अक्सर यह किसानों को भी पता नहीं होता चीनी मिल और गन्ना विभाग की संयुक्त टोलियाँ बीस जनवरी से पांच फरवरी तक सर्वे करेंगे जिन किसानों का सट्टे से अधिक गन्ना है उनकी पहचान करेंगे और आपूर्ति योग्य गन्ने की सूचना पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उन्होंने कहा चालू सत्र में जिले में गन्ना उत्पादन तीन प्रतिशत घटा है अब नहीं घटना चाहिए स्वीकृत प्रजातियां बोयें अगेती गन्ना प्रजातियां पंद्रह जनवरी से चीनी उत्पादन के योग्य हो जाती है इससे चीनी मिलें भी देर तक चलेंगी किसानों को भी लाभ होगा।



चीनी मिल के उपाध्यक्ष सुभाष खोखर ने कहा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गन्ना प्रजातियों को लेकर भ्रम समाप्त करना है। वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज कुमार, एससीडीआई बेलवाड़ा शिराज मलिक, सचिव आर के पाठक, बेलबाड़ा चीनी मिल के महाप्रबन्धक गन्ना गजेन्द्र सिंह सहित अस्सी कार्मिकों एवं प्रतिभागियों के अलावा प्रशिक्षण में कृषक महेंद्र सिंह कंचन, फुर्सत अली नगलिया जट, मोबीन हुसैन थांवला, सुनील पहाड़पुर आदि भी शामिल रहे।

# शकुंतला प्रकाश गुप्ता साहित्यि व कला विभूति सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मानसरोवर कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद की ओर से पूर्वजों की स्मृति में लगभग 22 वर्षो से लगातार मुरादाबाद एवं मुरादाबाद से बाहर के साहित्यकार व पत्रकार एवं कलाकार बधुओ का सम्मान किया जाता रहा आज उक्त संस्था की सम्मान समारोह के भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर विनोद अग्रवाल हमने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज उन्हें बड़ा गर्व हो रहा है कि वह पूर्ण आत्माओं के कार्यक्रम में शामिल हुए हैं जिन्होंने इस शहर को एक कन्याओं के लिए कॉलेज खोलकर एक अलग पहचान दी है इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि समाज को शिक्षित करने की जिम्मेदारी इस कॉलेज के संचालकों ने निभाई है। मिली जानकारी के अनुसार नवीन नगर स्थित मानसरोवर कन्या इंटर कॉलेज में आज आज स्वर्गीय श्री शकुंतला प्रकाश गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमती स्वर्गीय शकुंतला प्रकाश गुप्ता साहित्यिक एवं कला विभूति सम्मान स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश गुप्ता साहित्यिक एवं कला विभूति सम्मान एवं स्वर्गीय श्रीमती गौरी गुप्ता साहित्यिक एवं कला विभूति सम्मान से पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार नरेश भारद्वाज बहुयामी कलाओं में एच पीशर्मा कला क्षेत्र से जादूगर शिव कुमार आयुर्वेदक्षेत्र से डॉ प्रियंका शर्मा चिकित्सा क्षेत्र से डॉ राजीव बाबू शिक्षा क्षेत्र से श्रीजोगिंदर सिंह वह समाज सेवा के क्षेत्र में विकास पुरुष मेयर विनोद अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर समारोह में डॉ विशेष गुप्ता बाल आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने भी अपने विचार अपने विचार व्यक्त किय समारोह का सफल संचालन वरिष्ठ साहित्यकार विवेक निर्मल द्वारा किया गया समारोह की अध्यक्षता एलडी ग्रुप के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने की आयोजन को सफल बनाने में डॉक्टर सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता जुगनू जादूगर विनय कुमार गुप्ता पंकज कुमार गुप्ता अनुभव गुप्ता अंकुश गुप्ता अनुभव गुप्ता डॉ राजीव प्रखर डॉ विचित्र शर्मा पर्यावरण विद् दीपक राज की भूमिका रही विशेष रूप से महामंडलेश्वर स्वामी संजय नंद गिरी जी महाराज, वैश्य समाज की प्रदेश संगठन मंत्री सुनीता गुप्ता, आचार्य राजेश शर्मा एवं दिल्ली से आए जादूगर जादूगर शिव कुमार मानसरोवर विद्यालय परिवार एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ परिवार से श्रीमती मधुलिका गुप्ता श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता श्रीमती अंकित गुप्ता श्रीमती हरिमा गुप्ता श्रीमती सोनम गुप्ता किरण गुप्ता श्रीमती मिताली गर्ग अनुभव अंकुश डॉक्टर दीपक राज हर्षित गुप्ता शोभित गुप्ता अशोक कुमार गुप्ता संजीव गुप्ता श्री राजीव गुप्ता क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती पंकज शर्मा संजीव शर्मा नीटू, अनुज शर्मा, कामेश गुप्ता, अतुल मालीवाल सचिन गुप्ता एवं अनेकों साहित्यकार कलाकार व क्षेत्र गणमान्य लोग आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# पांच फरवरी तक होगा खड़े गन्ने का सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** प्रशिक्षण के उपरांत जिला गन्ना अधिकारी ने बसन्तकालीन गन्ना बुवाई के लिए निर्देश दिए बीस जनवरी से पांच फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र में खडे गन्ने, डेमो प्लॉट्स और पौधशालाओं का गहन सर्वे करें।

चीनी मिल एवं विभागीय पौधशालाओं का भौतिक सत्यापन कर उसका डाटा तत्काल 'सीड ट्रैकिंग ऐप' पर फीड करें, को.0238 गन्ना किस्म की बुवाई पर पूर्ण रोक है, जनपद में रेड रॉट (लाल सड़न) रोग का प्रभाव अधिक होने के कारण को. 0238 गन्ना किस्म की बुवाई न करने हेतु कृषकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसके लिए ग्राम-स्तरीय बैठकों, पम्प्लेट्स, वॉलपेंटिंग के माध्यम से रोकथाम हेतु व्यापक प्रचार - प्रसार कर किसानों को जागरूक किया जाये। भूमि व बीज शोधन:- बसंतकालीन बुवाई के समय प्रत्येक खेत में ट्राइकोडर्मा का प्रयोग और बीज शोधन अनिवार्य रूप से कराया जाए। किस्मीय संतुलन- किसी भी दशा में किसी एक गन्ना किस्म का क्षेत्रफल 30-35% से अधिक नहीं होना चाहिए। किसानों को राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित/विकसित नई अगेती किस्मों जैसे- कोशा 13235, कोशा 17231, कोशा 18231, कोशा 19231, को0 0118, को0लख 14201, को0लख 16202 को अपनाने हेतु प्रेरित करें। जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए को0 98014 और कोशा 13231 किस्म की बुवाई कराएं। कृषि यंत्रों की उपलब्धता:- जिला गन्ना अधिकारी ने बताया जनपद की सभी गन्ना समितियों में फार्म मशीनरी बैंक स्थापित हैं। यहाँ आधुनिक यंत्र जैसे- आर0एम0डी0, सब-सॉयलर, ट्रेंच ओपनर और पावर स्प्रेयर व मल्चर किराए पर उपलब्ध हैं, जिनका लाभ किसान उठा सकते हैं। गन्ना बीज हेतु अग्रिम भुगतान:- सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया गया कि वे गन्ना बीज आरक्षित कर किसानों को प्रीमियम के रूप में अग्रिम धनराशि का भुगतान समय से करें ताकि किसानों को उन्नतशील गन्ना बीज उपलब्ध हो सके।

# एआई को हैल्थ सेक्टर में भी बड़ी जिम्मेदारी देने को मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सूबे सरकार के स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण, आईटी एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट- 2026 की रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह के संग-संग रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी ने बतौर नोडल अधिकारी प्रतिनिधित्व किया। यह केवल एक तकनीकी संगोष्ठी नहीं थी, बल्कि यह स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व के लिए एक उच्च-स्तरीय ओरिएंटेशन था, जिसमें विस्तार से बताया गया कि कैसे एआई स्वास्थ्य प्रशासन से लेकर सीधे पेशेंट मैनेजमेंट तक सब कुछ मौलिक रूप से बदल देगा। प्रो. सिंह कहते हैं, केवल नवाचार ही हमारा लक्ष्य नहीं है। भारत जैसे विशाल राष्ट्र में एआई को प्रभावी बनाने के लिए, हमें सिर्फ निर्माण से आगे बढ़कर प्रमाणित परिनियोजन की ओर बढ़ना होगा। अब हम राज्य-व्यापी स्तर पर क्यूरेट किए गए, प्रामाणिक डेटा का उपयोग करते हुए मल्टी-सेंटर वैलिडेशन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्रो. रस्तोगी कहते हैं, हम विकसित भारत में सभी के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। बतौर नोडल ऑफिसर इस यात्रा में सबसे आगे मेरा रहना टीएमयू हॉस्पिटल परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। उल्लेखनीय है, इस कॉन्फ्रेंस में वाणिज्य एवम् उद्योग मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवमम् सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद, यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम एवम् चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री ब्रजेश पाठक समेत एक दर्जन मंत्री और आला अफसरों के अलावा गूगल, नीदरलैंड के एक्सपर्ट्स की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। दो दिनी यह कॉन्फ्रेंस एलेट्स टेक्नोमीडिया के सहयोग से लखनऊ के द सेंट्रम में हुई। देशभर में हो रही आठ रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस सीरीज के तहत आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में डिजिटल गवर्नेंस, हेल्थकेयर इन्नोवेशन और टेक्नोलॉजी आधारित सार्वजनिक सेवाओं में यूपी की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें हेल्थ सिस्टम, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकारी योजनाओं में एआई के रियल-टाइम उपयोग को प्रस्तुत किया गया। साथ ही सरकार, इंडस्ट्री, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की गई। उल्लेखनीय है, सम्मेलन से निकलने वाले सुझाव और परिणाम 16 फरवरी को होने वाले इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के राष्ट्रीय रोडमैप में शामिल किए जाएंगे। रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 में ग्लोबल एआई परिदृश्य, एआई आधारित हेल्थकेयर, राज्य स्तरीय तैयारी, डिजिटल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई आधारित डायग्नोसिस, क्लिनिकल इन्नोवेशन और वर्कफोर्स एम्पावरमेंट पर इंटरेक्टिव सत्र भी हुए। साथ ही स्टार्टअप शोकेस, हैकाथॉन रिजल्ट और इंडस्ट्री डेमो भी दिखाए गए। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य एआई को जिम्मेदारी, समावेशिता और बड़े स्तर पर अपनाने पर राष्ट्रीय चर्चा को आगे बढ़ाना है।




**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 22.01.2026
**उत्तरा० वाद सं०:**159 सन् 2025
मौ. सलीम आयु 23 वर्ष पुत्र स्व. अकील अहमद नि. ग्राम मलवाड़ा उर्फ मानपुर जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. श्रीमती रूकसाना आयु 42 वर्ष पत्नी अकील अहमद उर्फ अकील, 2. कु. शबाना आयु 24 वर्ष पुत्री अकील अहमद, 3. आरिस आयु 19 वर्ष पुत्र अकील अहमद उर्फ अकील निवासीगण ग्राम मलवाड़ा उर्फ मानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 4. **जनता आम- विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा मौ. सलीम हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा मौ. सलीम मुसबफा अकील अहमद अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 455441.34/- हरगाह मुसम्मा मौ. सलीम ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 22 मास 01 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू. डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नदीम अली द्वारा संस्था मंगूरी मस्जिद चक्कर की मिलक इन्तेजामिया कमेटी, चक्कर की मिलक पुराना आरटीओ ऑफिस थाना सिविल लाइंस, शहार व जिला मुरादाबाद का मोहतमिम/प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. हामिद हुसैन-सदर/अध्यक्ष, 2. शहादत अली नायब सदर/ उपाध्यक्ष, 3. नदीम अली-मो. हतमिम/प्रबन्धक, 4. रहीस अहमद खजान्ची / कोषाध्यक्ष, 5. अरबी मौ0, 6. रियासत अली, 7. मोहद सालीम- मेम्बर/सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।
विदित हो कि उक्त नोटिस सो0 रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।
**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )।**

## एक नजर

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, पांच घायल

**ठाकुरद्वारा।** बीती देर रात तक अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना डिलारी की नगर पंचायत ढकिया निवासी मोहम्मद नदीम पुत्र मुजाहिर, उम्र करीब 28 वर्ष कतर (कतर) में काम करता था। वहां होटल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और करीब 9 दिन पहले ही भारत लौटा था। परिजनों के अनुसार नदीम की पत्नी ने 6 दिन पहले बेटे का जन्म दिया है। शनिवार को छठी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के लिए सामान की खरीदारी करने के लिए गांव के वह अपने दोस्त शाकिब पुत्र आरिफ के साथ बाइक से ठाकुरद्वारा आया था। दोपहर बाद सामान की खरीदारी करके वापस घर लौट रहा था। वहीं विपरीत दिशा थाना डिलारी के गांव मलकपुर की मंडैया निवासी नमन अपने पिता मनोज सिंह की बाइक आ रहा था। ठाकुरद्वारा ढकिया मार्ग पर गांव पसियापूरा पदार्थ में दोनों बाइको की आमने सामने की जबरदस्त भिंड़त हो गई। जिसमें दोनो बाइक सवार पिता पुत्र सहित चारों घायल हो गए। जिसमें मोहम्मद नदीम व मनोज सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनो मृतको के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। इसके बाद देर रात नगर में काशीपुर चुंगी के निकट महेंद्रा कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे हरी मटर से भरी ट्राली ट्रैक्टर से जा टकराई। जिसमें कार सवार आरसीएल डंपर चालक रामू पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी नगला बनवारी मैनपुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार मैनेजर शिवम् दीक्षित, आर्य इंजीनियर, बिहार निवासी मोहम्मद हुमान पुत्र अकबर अली गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए 108 एबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। एक दिन में अलग अलग तीन लोगों की मौत होने और पांच घायल होने पर क्षेत्र मे हड़कंप मच गया।

### मणिकर्णिका घाट ध्वस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन का राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**मुरादाबाद।** वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त किए जाने के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राज्यपाल महोदय, लखनऊ को ज्ञापन भेजकर घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। ज्ञापन में बताया गया कि 10 जनवरी 2026 को योगी सरकार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त कराया गया, जिससे धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को गहरी ठेस पहुँची है।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई के दौरान माता अहिल्याबाई होलकर जी की पवित्र और ऐतिहासिक मूर्ति के साथ भी बड़ा खिलवाड़ किया गया, जो निंदनीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि मणिकर्णिका घाट केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश-विदेश में प्रसिद्ध भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान है, जिसे नुकसान पहुँचाना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर प्रहार है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि मणिकर्णिका घाट का नए सिरे से पूर्व स्वरूप में पुनर्निर्माण कराया जाए तथा जिन शासनिक और प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश से घाट और पवित्र मूर्तियों को ध्वस्त किया गया, उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस ज्ञापन देने वालो में जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर और महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करने को मजबूर होगी।

### विराट हिंदू सम्मेलन को तीन दिन भी निकाली गई प्रभात फेरी



**ठाकुरद्वारा।** विराट हिंदू सम्मेलन से पूर्व नगर में सोमवार शाम को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। फेरी का आरंभ होलिका मंदिर से हुआ।

यह फेरी खागेश्वर मंदिर, बड़ा बाजार, कोतवाली तिराहा से होते हुए पीपल टोला से होते हुए होलिका मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर प्रचारक स्वयंसेवक संघ शिवांशु, उत्कर्ष चौरावल, सुनील पुठिया, आशुतोष अग्रवाल, प्रिंस, आलोक, प्रखर, निर्वेश कुमारी, अंजलि, महल, मुखलाल चौहान, सुनील मिश्रा, गिरजेश, जतिन शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

### कुतुबपुर अज्जू में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथी मनाई



**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथी मनाई जिसमें मंडल महामंत्री भाजपा ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर ने बताया कि महाराणा प्रताप का कद 7 फीट 5 इंच का था उनका 80 किलो का भाला तथा 208 किलो की दो तलवारे ओर 72 किलो का कवच था उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन को अर्पण कर दिया हम सबको उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए कार्यक्रम में मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर,ठाकुर प्रमोद पुंडीर, संजय ठाकुर, मनोज कुमार पुंडीर,सनोज कुमार, हिमांशु ठाकुर, रानू सिंह, पुष्पेंद्र कुमार पुंडीर, गौरव सिंह, धर्मपाल सिंह,राजकुमार पुंडीर, राजेश सिंह, राजू सिंह, सतीश सिंह, टीकम सिंह, टिकू सिंह,हरिओम सिंह, जगराज सिंह, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार पुंडीर,आकाश पुंडीर, अरुन कुमार पुंडीर, अनुज कुमार पुंडीर, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, वलजीत पुंडीर, रमौतार सिंह, सुभाष सिंह, अमरपाल सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार पुंडीर, अजीत कुमार पुंडीर, चमन कुमार, अमित कुमार, इन्द्रजीत सिंह, सोहित कुमार, सतेनदर सिंह,अकित कुमार,प्रथ्वीपाल सिंह,विजय कुमार,अजीत कुमार पुंडीर, बादल पुंडीर,जितेंद्र सिंह,रवि कुमार,सोमपाल सिंह,अरनव कुमार,अनमोल,जीतू कुमार, महासिह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# लेखपाल की तहरीर पर अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर भड़के अधिवक्ता, एसडीएम कार्यालय के कार्यो का बहिष्कार

**ठाकुरद्वारा।** सरकारी भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी बताकर खुर्द-बुर्द करने के गंभीर मामले में लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने अधिवक्ता सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के विरोध में अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां पर अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को शिकायती पत्र देकर अधिवक्ता सहित अन्य परिवार के अन्य लोगो पर पुलिस अग्रिम न होने की मांग की। यह मामला राजस्व अभिलेखों में नवीन परती/तालाब के रूप में दर्ज गाटा संख्या 736 से संबंधित है। जानकारी के अनुसार उक्त भूमि शासकीय रिकॉर्ड में लंबे समय से तालाब/नवीन परती के रूप में दर्ज है। आरोप है कि कुछ व्यक्तियों ने आपसी साठगांठ के तहत कूटरचित व छलसाधित प्रविष्टियां कराकर राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करा लिए। इसके बाद उक्त भूमि का नियम विरुद्ध विक्रय विलेख (बैनामा), नामांतरण, पारिवारिक बंटवारा और न्यास (ट्रस्ट) घोषणा कर शासकीय संपत्ति को हड़पने का संगठित प्रयास किया गया। प्रकरण में कराई गई विस्तृत अभिलेखीय जांच में प्रथम दृष्टया यह सामने आया कि सरकारी भूमि पर फर्जी कृषि आवंटन आदेश अंकित किए गए, असंक्रमणीय भूमि को नियमों को ताक पर रखकर संक्रमणीय दर्शाया गया तथा अधिकार न होते हुए भूमि का अंतरण किया गया। इससे न केवल राजस्व नियमों का उल्लंघन हुआ, बल्कि लोक संपत्ति को भी गंभीर क्षति पहुंची। मामले की जांच आख्या पूर्व में संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। जिस पर उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। तहसीलदार के आदेश पर अतिरिक्त क्षेत्र के लेखपाल हिमांशु ने संबंधित थाना पुलिस को तहरीर दी। लेखपाल की तहरीर के आधार पर



ठाकुरद्वारा। एसडीएम कार्यालय पर उपजिलाधिकारी से वार्ता करते हुए अधिवक्ता।

पुलिस ने मौहम्मद हनीफ, साविर, छिद्दा, अब्दुल करीम, रामचन्द्र, रामसखी, अनीस अहमद, अनुज कुमार, अधिवक्ता अशोक कुमार, रेनू देवी व ऋषभ कुमार सहित 11 आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमें अधिवक्ता और उनके परिवार को आरोपी बनाने के विरोध में अधिवक्ता भारी संख्या में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एकत्र होकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।

जहां पर अधिवक्ताओं ने इस प्रकरण में दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग करते हुए अधिवक्ता व उनके परिवार के लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई किए जाने की मांग की। साथ ही अधिवक्ताओं का आरोप है कि उक्त मामले का अभी तक अंतिम निस्तारण नही हुआ है। इसलिए मामला न्यायधीन होते हुए तथा आपत्तिककर्ता का पक्ष सुने बिना अनुचित एवं गैर कानूनी दबाव बनाने, उत्पीड़न करने के उददेश्य एवं अनुचित लाभ लेने की बदनियती से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार को दूरभाष द्वारा अग्रिम कार्रवाई न करने के आदेश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी ने बताया कि इस इस भूमि के संबंध में आवंटन अथवा भूमिधरी आदेश घोषित करने वाले तत्कालीन लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायव तहसीलदार के खिलाफ जांच कराई जा रही है। इसके बाद इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, महासचिव मनोज कुमार पाल, राजीव कुमार विश्नोई, हीरा लाल अग्रवाल, रजनीश प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र विशाल अग्रवाल, प्रदीप कुमार आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

## अपना दल (एस) का नौजवान संवाद व नुक्कड़ सभा आयोजित, युवाओं से किया सीधा संवाद

**मुरादाबाद।** युवाओं को संगठन की विचारधारा से जोड़ने और उन्हें राजनीतिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से अपना दल (एस) द्वारा मुरादाबाद में नौजवान संवाद कार्यक्रम एवं नुक्कड़ सभा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की नीतियों, सामाजिक न्याय की अवधारणा तथा पार्टी की जनकल्याणकारी सोच को युवाओं तक पहुँचाना रहा। वक्ताओं ने कहा कि अपना दल (एस) हमेशा से वंचित, पिछड़े और युवाओं के अधिकारों की आवाज उठाता रहा है और संगठन में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है।कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया। पहला चरण मनोहरपुर स्थित आरडी मार्किट के





सामने नौजवान संवाद कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुआ। इस दौरान युवाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें संगठन की भूमिका, उद्देश्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई। युवाओं की समस्याओं, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे संगठन से जुड़कर सामाजिक बदलाव में भागीदार बनें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और कई युवाओं ने संगठन से जुड़ने की इच्छा भी व्यक्त की।

## वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन में मधुबाला त्यागी को मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा किया गया नियुक्त

**मुरादाबाद।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन द्वारा महिला मोर्चा को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा बबीता मेहरोत्रा एवं प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रति कौशिक द्वारा कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, की प्रधानाचार्या मधुबाला त्यागी को वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन का मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा नियुक्त किया गया।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मेजर राजीव ढल ने कहा कि मधुबाला त्यागी का व्यक्तित्व राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत है। वह निरंतर युवाओं और छात्राओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करती रही हैं। एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् होने के साथ-साथ वह राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित भी हैं। उनके संगठन से जुड़ने से महिला मोर्चा को मंडल ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर भी नई मजबूती मिलेगी।प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा बबीता मेहरोत्रा ने कहा



कि मधुबाला त्यागी के संगठन से जुड़ने पर हमें गर्व की अनुभूति हो रही है। समाज के प्रति उनका योगदान और समर्पण निश्चित रूप से संगठन को नई दिशा देगा। वहीं प्रदेश महामंत्री रति कौशिक ने कहा कि वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करने वालों को जोड़ने का कार्य करता है और इस नियुक्ति से संगठन और मजबूत होगा।नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मधुबाला त्यागी ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से दायित्व का निर्वहन करेंगी तथा राष्ट्र सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगी।इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष ग्रंथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बीच सड़क युवकों के दो गुटों में हुई जमकर मारपीट वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बीच सड़क युवकों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट होती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर पहले आपसी कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। वायरल वीडियो में युवक एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाते हुए दिखाई दे रहे हैं,।

वहीं कुछ युवकों ने बेल्ट निकालकर हमला भी किया।मारपीट के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वीडियो में कुछ युवतियां भी मौजूद हैं, जो घटना के दौरान चीखती-चिल्लाती नजर आ रही हैं। बीच सड़क इस तरह की हिंसा से राहगीरों में भी दहशत फैल गई।

पास में खड़े एक व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार मारपीट में शामिल अधिकांश युवक नाबालिग बताए जा रहे हैं।

वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर युवकों



की पहचान की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के चतुर्थ दिन प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना से हुई।

सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) ने पहले सेशन में ष्बचाव दल और उसके उपकरणष के बारे में बताया। दूसरे सेशन में भवन के प्रकार, ढहने के स्वरूप और बचाव के आपातकालीन तरीके को समझाया गया। चौथे दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार ने क्षमता निर्माण पर चर्चा की। नीरज चक, उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद ने वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता वसीम अख्तर, शरीफ अहमद, डॉ शफीक अहमद, अनुज गुप्ता, राजविमल शर्मा आदि ने सहयोग प्रदान किया।





## प्राथमिक विद्यालय में चोरी, दो लाख से अधिक का सामान ले गए चोर

**चन्दौसी।** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मानकपुर नरौली को निशाना बना लिया। चोर विद्यालय का ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपये से अधिक कीमत का कीमती सामान चोरी कर ले गए। चोरी की घटना का पता सोमवार को उस समय चला, जब विद्यालय खुलने पर स्टाफ स्कूल पहुंचा और मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक महेन्द्र पाल ने ग्राम प्रधान को मामले से अवगत कराया। जांच करने पर पाया गया कि चोर विद्यालय से चार माउस, एक प्रिंटर, व्यू बोर्ड कैमरा, इन्वर्टर, एक स्पीकर तथा संयोजक लीडें चोरी कर ले गए हैं। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रधानाध्यापक द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा पड़ रहा है,

जिसका फायदा उठाकर चोरों ने विद्यालय को निशाना बनाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र पवन व पुत्रवधू श्रीमती रूबी के गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल कर दिया था। किंतु अब उनका व्यवहार ठीक होने के कारण संबंध जोड़कर अपनी समस्त संपत्ति में हिस्सा देना चाहता हूं। **हरिपत पुत्र कल्लू निवासी रजौड़ा कन्नर देव मुंढापाण्डे, मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैंने अपनी पुत्री कु0 कामनी को अभद्र व्यवहार व परिवार वालों का कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व समाजिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में कु0 कामनी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन, कौल, फैल व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। दिनांक 10.01.2026 के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**जितेन्द्र पुत्र स्व. बाबू राम निवासी मौहल्ला नूरूल्ला, कस्बा व थाना कुंदरकी, जिला मुरादाबाद। मोबाईल नं०** 9758130853

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत सोमवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कोर्ट नं०-8 महोदय, मुरादाबाद।**

**वाद संख्या:** - 246/2025

**तारीख पेशी:** 22.01.2026

1.कु0 अभिशिकता जैकब उम्र 17 वर्ष पुत्री स्व0 विकास जैकब, 2.आई जैक विक्टर जैकब उम्र 14 वर्ष पुत्र स्व0 विकास जैकब निवासीगण सिविल लाईन्स, मुरादाबाद, नाबालिगान द्वारा सगी माता हकीकी एवं संरक्षिका श्रीमती लौतिका जैकब पत्नी स्व0 श्री विकास जैकब।

**बनाम**

1.ललित लोयल पुत्र गोपाल जी निवासी मिशन कम्पाउण्ड, सिविल लाईन्स, मुरादाबाद, 2. जनता आम शहर मुरादाबाद आदि, 3-उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा जिलाधिकारी मुरादाबाद।

इश्तहार मजरिया अदालत अपर जिला जज कोर्ट नं0-8 बमुकाम मुरादाबाद कु0 अभिशिकता जैकब व आई जैक विक्टर जैकब वास्ते विक्रय अनुमति वसूल कर कर्जा व किफायत हाय याफतारी मुसम्मा कु0 अभिशिकता जैकब व आई जैक विक्टर जैकब अपने मूजिब एक्ट 7/1878 ई0 वक्त हरगाह कु0 अभिशिकता जैकब व आई जैक विक्टर जैकब ने दरख्वास्त हुसूल सार्टिफिकेट गुजरानी है ई0 तारीख 22 माह 01 सन् 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुयी है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त विकय अनुमति पर उज्र हो, तो खुद या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अपर जिला जज कोर्ट नं0-8 मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रर हाजिर उज्र अपना पेश करे। दरसूरत इनकजाय तारीख के मजकूरा के फिर उन किसी को सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

मकान रकबाई 70.72 वर्ग मीटर स्थित जिला अस्पताल के सामने, सिविल लाइंस, मुरादाबाद स्थित है। पूरब-मकान, पश्चिम-दुकानात, उत्तर-अम्बेडकर पार्क, दक्षिण-रास्ता

**प्रबंधक/प्रस्तुतकार**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट नं०-8, मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पॉक्सो मामलों में न्यायालय का कड़ा रुख अपराधियों पर चला कानून का हंटर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिला एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों के मामलों में प्रदेश सरकार की सख्ती का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। जनपद संभल में अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा लगातार त्वरित एवं कठोर निर्णय दिए जा रहे हैं, जिससे अपराधियों में भय का माहौल बना हुआ है।

न्यायालय द्वारा लिए गए निर्णय न केवल पीडिघ्तों को शीघ्र न्याय दिला रहे हैं, बल्कि 'तारीख पर तारीख' की परंपरा को भी समाप्त करने की दिशा में नजीर बन रहे हैं। विद्वान न्यायाधीश ने मई 2025 में कार्यभार संभालते ही महिला व लैंगिक अपराधों के मामलों में प्रभावी कार्रवाई शुरू कर दी। पूर्व में एक प्रकरण को मात्र सात दिनों में निस्तारित कर पीडित को न्याय दिलाया गया था। इसके अलावा तीन दशक से अधिक पुराने मामलों में भी साक्ष्य के आधार पर सीधे निर्णय देकर न्यायिक तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में थाना जुनावई क्षेत्र में दर्ज अपराध संख्या 375/2025 का मामला सामने आया। प्रकरण के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी खेत में चारा काटने गई थीं, जहां उसका अपहरण कर आरोपियों द्वारा उसे पहले नोएडा व और बाद में गुजरात ले जाया गया और बारी-बारी से दुष्कर्म किया गया। पीडिघ्ता ने साहस दिखाते हुए अवसर पाकर अपने चाचा को फोन किया और वहां से भागकर सुरक्षित लौटी। इस मामले में गुड्डू पुत्र प्रेम. सिंह एवं संजय पुत्र भूरे, निवासी ग्राम बिधौती फाजिलपुर, थाना जुनावई, जिला संभल के विरुद्ध धारा 87, 137(2), 70(2) बीएनएस तथा धारा 5जी/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत 15 अक्टूबर 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था। 12 जनवरी 2026 को न्यायालय में चार्जशीट दाखिल हुई और मात्र आठ दिनों में गवाहों, साक्ष्यों व बहस के उपरांत 19 जनवरी 2026 को दोनों आरोपियों को दोषी ठहरा दिया गया। आज, 20 जनवरी को न्यायालय द्वारा दोषी अभियुक्तों को सजा सुनाई जाएगी। न्यायालय की इस त्वरित कार्यवाही से स्पष्ट संदेश गया है कि अब बालिक. ाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# महानगर में निजी लाइब्रेरियों पर नियंत्रण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिया ज्ञापन



**मुरादाबाद।** शहर में संचालित 24ञ्7 निजी लाइब्रेरियों की अनियमितता और छात्र सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने निजी लाइब्रेरियों के संचालन पर प्रशासनिक नियंत्रण की मांग करते हुए इसे विद्यार्थियों की सुरक्षा और मान. सिक स्वास्थ्य से जुड़ा अहम विषय बताया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मुरादाबाद में बड़ी संख्या में निजी लाइब्रेरियाँ बिना किसी वैधानिक अनुमति और स्पष्ट नियमावली के संचालित हो रही हैं। इनमें से कई लाइब्रेरियाँ 24ञ्7 खुली रहती हैं, जहां न तो पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है और न ही आवश्यक तकनीकी मानकों का पालन किया जा रहा है। परिषद के अनुसार, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास, उचित प्रकाश और वेंटिलेशन जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव विद्यार्थियों के लिए खतरा बनता जा रहा है।परिषद ने मांग की कि सभी निजी लाइब्रेरियों का अनिवार्य पंजीकरण कराया जाए, 24ञ्7 खुली रहने वाली लाइब्रेरियों के संचालन के लिए समय-सीमा तय की जाए तथा महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सख्त मानक लागू किए जाएं। इसके साथ ही एक समान नियमावली बनाकर समय-समय पर प्रशासनिक निरीक्षण और प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र लागू करने की भी मांग की गई।इस मौके पर महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की तो विद्यार्थी परिषद को जनहित में आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान महानगर सहमंत्री छविनाथ अरोड़ा सहित राजा शर्मा, अनमोल शर्मा, सचिन यादव, हर्षित गॉड, हर्ष सक्सेना, प्रखर बंसल, प्रतीक राघव, मोहित पाल, आशीष, शिवम ठाकुर, नवनीत कटारिया, अभिषेक, गगन, मयंक, अंशु शर्मा समेत ABVP के अनेक कार्यकर्ता व छात्र उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जारी हुई पहली सूची के लाभार्थियों को हाजी उस्मान ने दिया तोहफा



**कांठ( शाह टाइम्स )** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जारी हुई पहली सूची में नगर पंचायत उमरी कलाँ में 325 मकान स्वीकीर्त हुए , सभी लाभार्थियों के खातों में पहली किश्त पहुंची। चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने सभी लाभार्थियों को बुलाकर उन्हें जानकारी दी। चेयरमैन पुत्र सैयद मोज्जम अली उर्फ आजम ने भी सभा मे आए लोगो को संबोधित करते हुए विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया , उन्होंने भविष्य में होने जा रहे विकास कार्यों के बारे में भी अवगत कराया और सभी को आने वाले गणतंत्र दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय में आने के लिए आमंत्रित किया ।

हाजी उस्मान अली ने बोर्ड और कर्मचारियों की भी तारीफ की जिन्होंने इन मकानों की पूरी प्रकिया को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में सहयोग किया। लाभार्थियों ने चेयरमैन हाजी उस्मान अली के कार्य की सराहना की और उनसे आग्रह किया के आने वाले विधानसभा चुनाव में वो उन्हें विधानसभा का नेतृत्व करते देखना चाहते हैं। इस मौके पर नगर पंचायत उमरी कलाँ के सभी मेम्बर और कर्मचारी भी मौजूद रहे ।

# किसानों की मांगों को लेकर भाकियू टिकैत ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार चन्दौसी को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की अनदेखी के कारण वे लगातार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिस पर सरकार को शीघ्र ठोस कदम उठाने चाहिए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की गई। संगठन ने कहा कि आयोग की संस्तुति के अनुसार किसानों को उनकी उपज का लागत मूल्य से 50 प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना चाहिए, लेकिन वर्तमान में किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। बैंकों व साहूकारों से लिए गए कर्ज से किसानों को तत्काल मुक्त किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कर्ज के दबाव के कारण किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसके साथ ही सभी फसलों के लिए लाभकारी मूल्य तय किए जाने तथा सरकार द्वारा बाजार में हस्तक्षेप कर उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की गई, ताकि व्यापारी मनमाने दामों पर फसलों की खरीद न कर सकें। ज्ञापन में किसानों को घरेलू बिजली दरों में राहत देने अथवा मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई, जिससे खेती की लागत कम हो सके। साथ ही खाद, बीज व कीटनाशकों की कालाबाजारी व जमाखोरी पर कड़ा नियंत्रण तथा उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस मौके पर नरेश राघव, संजीव शर्मा, योगेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, प्रमोद राघव, वीरपाल, विपिन यादव, बबलू, हैदर अली सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# जूडो में डॉली का शानदार प्रदर्शन, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयन



**चन्दौसी।** नगर के एन.के.बी.एम. जी. डिग्री कॉलेज की छात्रा डॉली ने जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉली ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नॉर्थ ईस्ट जोन जूडो चौंपियनशिप सह चयन ट्रायल में प्रतिभाग किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 जनवरी से 18 जनवरी तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाडिघ्यों ने भाग लिया, जिसमें डॉली ने बेहतरीन खेल कौशल और दमदार प्रदर्शन करते हुए 12वां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ ही उनका चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हो गया है, जो उनके खेल जीवन की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। कोच एकांश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉली बहजोई की निवासी हैं और उन्होंने एसबीएम जूडो अकादमी, बहजोई में नियमित अभ्यास कर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि डॉली की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और प्रशिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन रहा है। डॉली की इस उपलब्धि पर एन.के.बी.एम.जी. डिग्री कॉलेज प्रशासन, जूडो अकादमी के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बच्चों ने पढ़ा अखबार और जानी क्षेत्रीय देश-विदेश की खबरें डॉ योगराज सिंह



**मूंढापांडे।** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय टाहनायक,विकास खंड मूंढापांडे में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के आदेश के क्रम में आज बच्चों को शैक्षणिक समाचार गतिविधि के क्रम में बच्चों को अखबार के महत्व को समझाते हुए बच्चों को अपने क्षेत्रीय न्यूज और आसपास की जानकारी एवं प्रदेश, देश -विदेश की बच्चों द्वारा अखबार के हेडिंग को पढ़कर सभी बच्चों के बीच सुनाया गया। कक्षा-शिक्षण के दौरान उपस्थित सहायक अध्यापक अभिजीत मलिक द्वारा बच्चों को अपनी पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ प्रतिदिन अखबार को भी पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।जिससे कि हमारे शैक्षिक गतिविधि और बच्चों में मानसिक विकास में ज्ञान की वृद्धि हो सके स न्यूज पेपर दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगराज सिंह शिक्षण को जीवन में अनुभव की भाषा कौशल विकास एवं उनके जीवन में व्यवहार में परिवर्तन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे सभी बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभाओ के माध्यम से बच्चों को शैक्षिक प्रभावित किया। कार्यक्रम मे समस्त स्टाफ एवं उनके द्वारा बताए गए सही रास्ते/ संवैधानिक रास्तों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में अभिजीत मालिक, पूनम चौहान, सुमन रानी, मनोहरी देवी, वीरबाला आंगनवाडी , भूरी देवी, मालों, श्यामवती देवी, द्वारिका प्रसाद, बच्चें आदि उपस्थित रहे।

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पहल पर मृत्यु भोज पर पाबन्दी



**कांठ( शाह टाइम्स )** 15 जनवरी को अमरपाल सिंह बेनीवाल निवासी मोढ़ा तैय्या की मृत्यु हो गई थी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह, जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह व बेनीवाल परिवार के ही सदस्य भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष सुदेश बेनीवाल उर्फ मुखिया के साहसी प्रयास के बाद बेनीवाल परिवार ने मृत्यु भोज नहीं करने का निर्णय लिया। स्वर्गीय अमरपाल सिंह के बड़े पुत्र अनिल कुमार बेनीवाल तथा सुनील कुमार बेनीवाल ने भारतीय किसान यूनियन की पहल का स्वागत किया। 19 जनवरी को तेहरवीं रस्म में केवल पगड़ी और जलपान का कार्यक्रम करा कर संपन्न किया। शुरू की जा रही नई पहल की लोगों ने सरहाना की, तथा मृत्यु भोज बंद करने का स्वागत किया। तेहरवीं रस्म पर होने वाले महिला सापा भी नहीं हुआ। बड़े बेटे सुनील कुमार बेनीवाल को पहले पगड़ी पहना कर रस्म अदायगी पूरी की गई। बेनीवाल परिवार की इस कुरीति को बंद करने पर क्षेत्र में चर्चा व स्वागत किया गया। इस मौके पर राजीव कुमार बेनीवाल, सत्यपाल सिंह बेनीवाल ,मास्टर भोपाल सिंह बेनीवाल, राहुल बेनीवाल, आदि ब्राह्मण सहित बेनीवाल परिवार के सदस्य शामिल रहे।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी

**चन्दौसी।** सोमवार को सुबह 11 बजे मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। गणेश कॉलोनी निवासी गौरव सक्सेना पुत्र विनोद सक्सेना बाइक पर खड़े होकर फोन पर बात कर रहे थे, तभी कचहरी की ओर से तेज रफ्तार कार उनके सामने से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का आगे का हिस्सा टूटकर अंदर दब गया और गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक ने तुरंत ई-रिक्शा की मदद से घायल युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। घायल युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी। कार चालक ने अपना नाम विलियम्स पुत्र राजवीर सिंह, निवासी तहसील रोड बताया। घटना में बाइक और कार दोनों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# डिजिटल वित्तीय लेनदेन व साइबर क्राइम के प्रति चलाया जागरूकता अभियान



**कांठ (शाह टाइम्स)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज कांठ की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के दिशा निर्देशन में मौढ़ी में तथा छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी ऊषा सिंह के दिशा निर्देशन में गुलड़िया में डिजिटल वित्तीय लेन देन एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकाली और घर-घर जाकर लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक किया। दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित योगेन्द्र कुमार (प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक कांठ) के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ-साथ साइबर क्राइम व डिजिटल लेनदेन के प्रति अनेक कविताओं के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने कैश लैस के विभिन्न प्रकारों एवं सावधानियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए साइबर क्राइम से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा समाज के लोगों को भी साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि समय-समय पर नई-नई वैज्ञानिक कार्य पद्धतियां हमारे जीवन को आसान बनाती हैं अत: हमें इनकी जानकारी प्राप्त करके समाज को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में योगेन्द्र कुमार प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक कांठ प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, निशिकांत पाठक,अतवीर सिंह त्यागी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संचालन कक्षा 12 की छात्रा रीमा दीन एवं अक्शा परवीन ने किया।

# वकीलों का विरोध प्रदर्शन आज भी रहा जारी बार और बेंच में से कोई भी बजह बताने को नही तैयार



**कांठ (शाह टाइम्स)** तहस. ीलदार राजकुमार सिंह के खिलाफ वकीलों का विरोध प्रदर्शन आज भी जारी रहा उन्होंने अधिकारियों के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगाए और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाए जाने की मांग उठाई। तहसीलदार के खिलाफ चल रही वकीलों की हड़ताल को आज दसवां दिन था आज भी वकीलों ने तहसील में प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों पर विभिन्न आरोप लगाए वकीलों का कहना था कि भ्रष्टाचार बढ़ने के कारण लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं। बतादे की इस नाराजगी की वजह नजारत में कार्यरत एक प्राइवेट कर्मचारी है जिससे अधिवक्ता की कहासुनी और हाथापाई हुई उस दिन अधिकारी इस मामले को संभाल नहीं पाए और वकीलों को हड़ताल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मगर 10 दिन बीत जाने के बाद भी इस संबंध में आधिकारिक स्तर से कोई कदम ना उठाए जाने से आक्रोश दिन व दिन पनपता जा रहा है।आज निर्धारित समय पर फिर सभी वकील इकट्ठे हुए और तहसील में नारेबाजी कर विरोध जताया आखिर यह प्रदर्शन किस वजह से हो रहे हैं इसके सवाल पर वकीलों का कहना था कि उन्हें नहीं पता यह तो तहसीलदार को ही बताना होगा मगर तहसीलदार से पूछने पर उन्होंने भी बजह बताने में असमर्थता जाहिर की कहा की वजह का तो उन्हें भी पता नहीं है। लेकिन वह अधिवक्ताओं से किसी प्रकार की शिकायत नहीं रख रहे हैं। कुल मिलाकर सम्मान जनक माहौल में वार्ता होने तक अधिवक्ताओं ने आज फिर तहसीलदार कोर्ट का कार्य बहिष्कार जारी रखने का ऐलान किया इस मौके पर डॉक्टर विनीत नैन दीप सिंह बिश्नोई यशवीर सिंह संजीव कुमार लोकेश चौधरी बृजेश कुमार चरन सिंह ढाका कोमल सिंह दीपक बिश्नोई कपिल कुमार प्रदीप कुमार विजयबीर सिंह सुनील कुमार सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# एसएम कॉलेज: जहां से निकले देश के कर्णधार और प्रतिभावान युवा

## शिक्षा और सेवा का प्रतीक, देशभर में स्थापित कॉलेज की चमक, वर्षों से प्रतिभाओं का कारवां, देश-विदेश में रौशन नाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी ने आजादी के बाद से अब तक देश और प्रदेश को ऐसे नायाब, कर्मठ और प्रतिभाशाली हीरे दिए हैं, जिन्होंने प्रशासनिक, सैन्य और शैक्षणिक सेवाओं में अग्रणी भूमिका निभाकर न केवल जनपद बल्कि पूरे प्रदेश में कॉलेज का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय और सैन्य अध्ययन संकाय के लिए यह महाविद्यालय प्रदेश से लेकर कमिश्नरी स्तर तक विशेष पहचान रखता रहा है। दूर-दराज क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं एस.एम. कॉलेज में प्रवेश लेकर हैली हॉस्टल में रहकर अध्ययन करते थे और यहीं से शिक्षा ग्रहण कर प्रशासनिक सेवाओं, सेना, पुलिस व उच्च शैक्षणिक संस्थानों में चयनित होकर देश सेवा में जुट जाते थे। लगभग 79 वर्ष का गौरवशाली इतिहास समेटे यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ता रहा है।

हालांकि, वर्ष 1976 में स्थापित एस.एम. डिग्री कॉलेज में प्राचार्य एवं प्रबंधन तंत्र के बीच मतभेद भी सामने आते रहे हैं। जब-जब आयोग से चयनित प्राचार्य आए, कुछ आंतरिक कारणों से दोनों के बीच सामंजस्य नहीं बन पाया। वर्ष 1985 के बाद प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, फिर डॉ. बकुल बंसल और प्राचार्य डॉ. ए.के. गुप्ता जैसे आयोग से चयनित अधिकारी कॉलेज में आए, परंतु मध्य काल में ही उन्हें कॉलेज छोड़ना पड़ा और विवाद न्यायालय तक पहुंचे। इसके बावजूद कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता पर इसका असर नहीं पड़ा। चार दशक पहले एस.एम. कॉलेज में प्रवेश पाना अत्यंत कठिन माना जाता था। विज्ञान संकाय में एस.के. अग्रवाल, जीव विज्ञान में प्रो. डॉ. एस.के. सक्सेना, भौतिक विज्ञान में प्रो. ए.के. आनंद, रसायन विज्ञान में सोडी साहब, गणित विभाग में राजीव सिन्हा व अवस्थी साहब तथा ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में गोयल साहब जैसे महान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इस तरह तराशा कि वे वैज्ञानिकों से लेकर राज्यपाल जैसे सर्वोच्च पदों तक पहुंचे।

कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने वाले कई पूर्व छात्र आज देश-विदेश में उच्च पदों पर आसीन हैं। निर्वाचन आयोग के आयुक्त सुशील चंद्रा ने एस. एम. इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की, उनके पिता विद्यासागर गुप्ता यहां प्रवक्ता रहे। होली मोहल्ला निवासी मनोज शर्मा ने इंटरमीडिएट व स्नातक की पढ़ाई यहीं से की और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा के प्रमुख रह चुके हैं। गीता कॉलोनी निवासी शशिकांत यादव वर्तमान में कनाडा की एक यूनिवर्सिटी के कुलपति हैं, जबकि उनके बड़े भाई डॉ. एस.पी. सिंह यादव संभल से सांसद रहे। चन्दौसी के बूढ़ी माता मोहल्ला निवासी शशिकांत शर्मा देश के रक्षा सचिव रहे, जिन्होंने एस.एम. कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की। आनंद कॉलोनी निवासी गौरव बत्रा ने 2006 में यहीं से बीएससी कर सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में चयन पाया और आज कर्नल हैं। 1965 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए गिरीश चंद्र तथा पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार भी इसी संस्थान की देन हैं। इस प्रकार एस.एम. डिग्री कॉलेज न केवल एक शिक्षण संस्थान, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है।

# विशाल मासिक निरंकारी सत्संग आयोजित परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** जयनगर संत निरंकारी मिशन की स्थानीय शाखा जयनगर में रविवार को विशाल मासिक निरंकारी सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक समागम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहनों ने शिर. कत की और गुरुवाणी का आनंद लिया। घ्सत्संग के मुख्य वक्ता बगवाड़ा बिजनौर से पधारे संत आसाराम जी ने अपने प्रवचनों में मानवीय मूल्यों और परोपकार पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने प्रकृति का उदाहरण देते हुए कहा वृक्ष सरोवर संत और वर्षा इन चारों का अस्तित्व ही संसार के परमार्थ के लिए है। संसार इनके साथ कैसा भी व्यवहार करे ये अपना स्वभाव नहीं बदलते और सदैव सुख ही प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे विस्तार से बताया कि परमात्मा ने केवल मनुष्य को ही विवेक का उपहार दिया है लेकिन इस विवेक की प्राप्ति केवल पूर्ण गुरु के सान्निध्य और सत्संग से ही संभव है। महात्मा जी ने कहा कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न प्रतीत हो अंतत: जीत अच्छाई की ही होती है। इसलिए संतों का मार्ग सदैव परोपकार का रहता है।घ्मानवता का संदेश देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि दूसरों का हित करने से बड़ा कोई धर्म नहीं है और किसी को पीड़ा पहुँचाने से बड़ा कोई पाप नहीं। सज्जन वही है जो विषम परिस्थितियों में भी अपने हितकारी स्वभाव को नहीं त्यागता। श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर जयनगर के मुखी नरेश सिंह जी समेत राम अवतार शिवपाल योगेंद्र सिंह राम लाल सिंह संजय कुमार और घाटी सिंह जैसे कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। महिला सत्संग का भी विशेष सहयोग रहा जिसमें उमेश देवी पूनम देवी सरला देवी अलका देवी और डोली सहित अनेक बहनों ने सेवा और सुमिरन में भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक लंगर और विश्व शांति की प्रार्थना के साथ हुआ।



